MARTAND ITIHAAS

मार्तण्ड़ इतिहास

Published by :-

MARTAND TIRATH TRUST ; MARTAND
(MATTAN) KASHMIR

MARTAND SURYA BHAWAN,
PALOURA JAMMU.

MARTAND ITIHAAS
मार्तण्ड इतिहास

शारदा पुस्तकालय
(संजीवनी शा.द. कें.द्र)
क्रमांक ... १९९१

By
Hari Krishan Sidha

Published by :-

MARTAND TIRATH TRUST ; MARTAND (MATTAN) KASHMIR .

**OFFICE : MARTAND SURYA BHAWAN,
PALOURA JAMMU.**

प्रथम संस्करण :- जुलाई 2009
संख्या :- 1000

संपर्क :- हरि कृष्ण सिद्धा
मकान नं0 :- 122 वासुकी विहार
पलौड़ा जम्मू ।
फोन नं0. 2596767, 9469050583.

प्रकाशक :- मार्तण्ड तीर्थ सभा ,
मट्टन, कश्मीर–पिन–192125

कार्यालय जम्मू :-
मार्तण्ड सूर्य भवन पलौड़ा ,
जम्मू, पिन–181121

कम्पूटर टाईपिंग :- भारती हरीश , रोहन हरीश

जय मार्तण्ड़

ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ,स्वामी जय मार्तण्ड़ देवा

उन के कष्ट मिटावे , जो भक्त करे सेवा
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।
श्याम वर्ण के तन पर , पीताम्बर सोहे
स्वामी पीताम्बर सोहे
ऋषिश्वर,मुनीश्वर-ध्यावे योगन करे सेवा
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।
मृत अण्ड़कार को विष्णु ने जीवनदान दिया
स्वामी जीवनदान दिया
विमल कमल दो कुण्ड़ ही मार्तण्ड़ कहलाया
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।
तेरहवां सूर्य कहलाये , भोग भरे न्यारे
स्वामी भोग भरे न्यारे
अपने सेवक जन को सुख सम्पति वारे
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।
तुम हो तीन स्वरूपा , चार भुजाधारी
स्वामी चार भुजाधारी
साठ हैं अंग तुम्हारे , शेष कमलधारी
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।
भूचर , जलचर , खेचर, सब जीवों के प्राणपति
स्वामी जीवों के प्राणपति
तुम बिन मोक्ष मिले ना,न तुम बिन सद्गति
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।

प्रत्यक्ष देव तुम्ही हो , तुम हो देव महान
स्वामी तुम हो देव महान
नाम असंख्य तुम्हारे , परि तव तुम गुणवान
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।
तीर्थ राज तुम्ही हो , तुम हो जगत पिता
स्वामी तुम हो जगत पिता
अपने भक्त जनों का सुख सम्पति दाता
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।
सप्त अश्व के रथ पर , घूमे अष्ट दिशा
स्वामी घूमे अष्ट दिशा
सारथी अरूण तुम्हारा, दासी तेरी निशा
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।
आरती देव तुम्हारी ,जो निस दिन गाता
स्वामी जो निस दिन गाता
कहे जयकृष्ण हरिहर ,सहज मुक्ति पाता
ॐ जय मार्तण्ड़ देवा ।।

* * *

PREFACE

Kashmir a paradise on earth ; a garden of eternal spring ; a delightful flower bed and a heart – expanding heritage for saints , rishis and dervishes . It is home of ancient shrines . There are 45 Shiv dhams , 60 Vishnu dhams , 3 Braham dhams , 22 Shakti dhams , 700 Nag dhams thousands Dev dhams and only one Surya dham . Satisar the ancient name of Kashmir when it was in the shape of a lake was dedicated to Shiv Parvati . After the demon Jalodbhava was laid low , the lake yielded a valley which Kashyapa settled with his own people. According to Brahmpuran and Bringesh Samhita , Birth of Martand Surya Deva was also one of the reasons behind the existence of valley.

I feel immense pleasure to write the historical background of this Martand Shrine which is the need of the hour. Because it is our foremost duty to inform the young generation about our past, rich heritage , traditions , customs and religion. The Martand Shrine have always been a symbol of unity and communal harmony . We see no existence of Kaliyuga in this part of Surya Keshtra . Even during these years of turmoil it has existed like a light house to provide shelter , free langer to the yatries and visitors .

Martand Tirath Trust under the presidentship of Sh. A.K. Sidha . and General secretary Sh. R.K. Kichloo have progressed by leaps and bounds . They have contributed much to make every yatri to feel at home in this shrine . Sincere efforts of the office bearers of this Trust including the working committee members whose full cooperation and contribution resulted the progress and prosperity of this Shrine .

I express my gratitude to Sh. A.K. Sidha and my supporters who encouraged me at every moment to come forward and pendown my thoughts, feelings and experiences regarding "Martand Shrine" .

I hope this booklet may prove a source of devine upliftment of youths .

Hari Krishan Sidha.
Vasuki Vihar , Paloura
Jammu.

MARTAND SHRINE

Martand Tirath is of great religious significance and people from all over India visit here in order to perform oblations for their ancestors and for charity. Though these performances are observed here throughout the year but during the period of Malmasa / Bhanumasa (Adhikmas) a lot of devotees from around the globe visit here and get benefited . It is because Malmasa and Bhanumasa originated and flourished in Kashmir and Martand Shrine has been and still continues to be the focal point of this . Inhabitants of Kashmir have been living here and have held both these months as the emancipation of sinners. Martand Tirath is the birth place of the thirteenth representative of Sun God " Martand "son of Aditi also known as Parshotama governing the additional (leap) month which falls after every thirty two months , sixteen days and twenty four minutes . We can get enough description of this Tirath from Vedas ; Upnishads and Purans . In addition to these ancient records Martanda Brahmanah and Martand Mahatamem describes exclusively the Martand Shrine . These books belong to Brahminical age following the Vedic Age . Bringesh Samhita is the main book which throws light on all the sacred places of Sharda Desh (Kashmir) . Martand Mahatmem is a small manuscript of about 16 leaves in Sanskrit language written in Sharda script ; a script exclusively used in olden times in Kashmir .

The manuscript describes the origin , importance and the religious sanctity of Martand Shrine . It is actually a part of Bringesh Samhita book written by a Kashmiri Brahiman named Bringesh Rishi in about fourth century . The manuscript is in verses and is in the form of dialogue between Bhairva and his spouse Bhairvi or Shiv and Parvati

BHAIRVI :- I have heard from you about the sacred shrines of Vishnu and Indra of thousand eyes and also about the sacred shrines of Anantnag , especially of the Gautama Naga , Krengesha and Matehha Bhawan which is very near to Martanda. Be pleased now to tell me about Martanda Shrine, Kamal and Vimal springs and the Chaka Dev Nadi .

BHAIRVA :- Now hear from me about the sanctity of the Martanda Shrine , Kamal and Vimal Springs and Chaka Dev Nadi .I will tell you about the creator who creats the mobile and immobile , animate and inanimate . Brahma Ji by the power of his imagination created Maricha , Maricha got a son named Kashyapa who in due course married thirteen daughters of Daksha . Aditi was the eldest of them . Kashyapa advised her to perform austerities to Vishnu who when pleased will grant her wish . Aditi performed great penance in order to please Vishnu so that she would get illustrious sons. While she was in penance Narayana appeared before her.

She saw him and worshipped him . Thus Narayana was pleased with her and asked what she wanted. What more should one need when Narayana himself was before her . She however expressed her desire to be the mother of sons who are equal to her revered husband Kashyapa. " I am happy with you"Said Narayana and bade her to go to her husband and serve him . Thereafter you will get illustrious sons . Saying this Narayana disappeared . Aditi thereafter went to her husband who was busy in his austerities . Aditi was wonder struck when she saw Lord Shiva instead of her husband there and became unconscious . On gaining consciousness she did not see Lord Shiva but Kashyapa , her husband who became enraged on seeing his wife looking at a different person for her love and cursed her thus : " May your feotus get soiled." Aditi , however continued to keep her husband in her mind and became absorbed in her penance for a number of years . Kashyapa on seeing the purity and preservance of his wife tried to persuade her to give her penance and told her that she has already made auster penance for twelve years . She may now serve her husband for the rest of the thirteen years in order to get good fruit of her penance . She, therefore, concluded her penance and resumed the service of her husband . That way the spouse were happy . In due course of time she gave birth to twelve sons who became the proprieters of Kalachakra (Cycle of time) comprising of twelve months , six seasons, two paths Uttarayana and Dakshinayana .

Sage Kashyapa had thirteen wives. Aditi the eldest gave birth to the gods . Other wives of Sage Kashyapa Diti gave birth to Asuras ; Surbhi eleven Rudhras and two daughters ; Vreshbha is also son of Surbhi ; Dhanu begot Danvas ; Khasha gave birth to two Yakshas and Rakshas ; Danayusha 's sons were called Vatras ; Prabha had ten sons called "Gyan"; Iravan was son of Ira ; Muni had sixteen Gandharvas and thirty four Apsaras ; Kala begot two sons Kalapa and Kaal ; Krodhvasha had ten daughters ; Kadro gave birth to Nagas and Vineeta gave birth to Arun , Garuda, Gayatri and Havivahgan .

There were three reasons for birth of Martand. First : To locate a sacred shrine on the earth, where Kaliyuga may not be able to trouble the righteous , worship with lot of devotion will result in oblation to ancestors and charity for the sake of emanicipation of sinners and to do good deeds and avoid evil . Second : To kill Jalodbava ,a demon who had become a terror for all the inhabitants of surrounding places of Satisar. Jalodbava was granted a wish by Brahma Ji that nobody could kill him under water. Third : Dityas , Danhanvas and Rakshasas attacked gods (sons of Aditi) and dethroned them several times . So Aditi was much perturbed about the future of her sons . She performed great penance for twelve years in order to please Vishnu . Sage Kashyapa became worried about her health so he advised Aditi to leave that austere penance . He told her " Toyah Marate Mandam" (You have killed the egg i.e. ova) . Nodoubt she was disturbed but she continued her austerity . Vishnu was pleased and blessed her to have a powerful son who will subdue all . But as an arrow shot never turnes back so did the curse. Aditi got a still egg which was of gold . She then prayed to Brahma who appeared before her and forbade her to wail and not to be purterbed . He advised her to throw the egg into the Satisar which would free the dead and be the giver of Dharma , Puniya (righteousness) and heaven . He said ," Your twelve sons will be the masters of Kalachakra , but this thirteenth will beget a son who will overpower the other twelve sons . In the age of Kaliyuga those who are not righteous and who perform unworthy deeds and evil actions will be considered dead . Only those who are righteous , do good deeds and avoid evil will be considered as living .The thirteenth son begotten from the still egg will be for reformantion of the wicked and evil doers who for the reason are taken as dead . Because of these pious actions this thirteenth son will widely known and become illustttrious . "

Brahma Ji finally advised Aditi to throw the egg into the Satisar and gained prosperity because a very pious and sacred shrine in the three worlds will become known at that place by the name of " MARTAND" (Mritand) i.e. one begotten from the still egg . Thereafter Brahma Ji disappeared . They did at what they were told by Brahma Ji. Twelve sons were given twelve different names and places to preside over. Kashyapa then requested Brahma Ji to show them the place on the earth where Kaliyuga may not be able to trouble them . Brahma directed him to pray Lord Shiva for this . Kashyapa then worshipped Lord Shiva for three years ; standing on the toe of his foot for one year. Lord Shiva got pleased and asked him what he wanted . Kashyapa begged that he may be pleased to show them a place where they could be saved from the rigous of the horrible and unconquerable Kaliyuga . Lord Shiva said that in Himalayas there is a Satisar which can be dried by the kindness of Lord Vishno . There upon Kashyapa prayed to Lord Vishno for one year who being pleased asked what he wanted . Kashyapa requested for Satisar to be dried . A wayout was made near Baramula for the water of Satisar to flow out . On one side of dewatered Satisar was found the still golden egg which had been thrown there. Lord Vishnu struck this egg with his chakra into two parts and great light came out of it which pervaded all round . Their eyes could not tolerate this effulgence and the places were therefore named as Braath , Anduraka and Krange . Prayers were offered to this great effulgence of light . Thus it was prayed as sun God

Martanda personified , of happy appearance, with yellow garments , with four arms bearing a lotus , a book , a rosary in three hands and raised open palm of the fourth to grant fearlessness with three eyes and surrounded with Yoginees who grant booms . This area was called Martandesh and the place where the egg was found was called Bhawan the foremost sacred shrine , giver of solace to the deceased. Four flames of light fell on the earth on four sides of Martand i.e. East, west, north and south. A great flame from eyes struck to the mountain top of the Martand area . This was named as Bargashikha (the plume of the sun) Bharga is one of the names of Sun God . A temple of Goddess Bargashikha still exist there even today . People often visit there , worship , offer gifts and find solace . Flame from heart as Yogeshwarem , those from nose and ears as Bhima ; those from right side of its body as Bhawani and from its face was called Bhaswati .

From the two parts of the broken still egg sprang out two sacred springs ; Vimal and Kamal ; from the chakra flows the Chaka stream which destroys great sins and satisfies the dead by a pious dip in it and offerings of sacrifice . Vimal Kund , the stainless and pure gives salavation to the dead ; and Kamal Kund gives solace to the living ; water in the Vimal Kund bear Vishnu and Shiva and that of the Kamal Kund bear Brahma and Mahesh . The place is also called Matsya Bhawan . One who comes near to me to have a pious dip . It also means a spring of fish who represent the Yoginees . It is sacred place that Shri Parshu Ram did his penance to purify himself from the sin of natricide . Prayers are offered to the illuminous Crest Light Martanda as the Sun God personified with four arms bearing a lotus , a book , a rosary in three hands and raised open palm of the fourth to grant any thing desired by a devotee.

" BASAT PUNJKARM PRASANVADNAM PEETAMBARAM ALANKRITAM
PADAMAKHAMAYA PUSTAK JAP VIDEEN HASTAY DEDANAM PRABUM
SANTUSHTAM CH SAMAST KANTI VIMAL NETRE TRIYOD BASITAM
DEYVAST PARIKARTAM CH VARDAM MARTAND NATHAM NAMAH ."

Martanda destroyed the Detyas and Danavs Once Rishis of Uttarakhand approached to Martand . Prayers were offered ; Martanda being pleased asked them what they want . They then said that they are tired of the worring world and have come for help . In Surya Keshtra Rakshas tease them and they may be subdued . Red with rage the Yoginees came out as bright rays from eyes , ears and nostrils etc. , got united and were bade by Martanda to stay at the place and to destroy the evil doers and those who created obstructions in the path of righteousness . Martanda himself went to the mountain. Padasthal is the place where the Yoginis were struck into action . Lokari is the place where Yoginis stay . One who bathes there and performs Sharda and austerities gets the same fruit of imperishable as he gets in

Prayag , Gaya , Ganga (Haridwar) or Kurukshetra in the month of Malmas . One who offers Pindas and water to his deceased , offer honey , milk , ghee and dharba . One who performs these for three days at this shrine in the month of Malmasa gets the things of his desire and his deceased get satisfied . Even the worship of Martanda with devotion is enough to get salavation and gain the fruit of giving a hundred cows in charity.

BHAIRVI :- My Lord you have said that the twelve sons are the twelve forms of Sun God with twelve different names who govern twelve months of a year. How then is there the thirteenth month and why it is called Malmas ?

BHAIRAV :- After the birth of Martanda or Luminious God from impotent egg Kashyapa asked Brahma Ji ," The cycle of time is governed by my twelve sons . May this thirteenth be allotted something similar ." Brahma , Vishnu and Shiva discussed on this matter and an alteration was made in the Kaalchakra . The Gods on the basis of Brahmasiddhanta calculated and observed that in Solar year there are 11 days extra as compared to Lunar year and after every 32 months sixteen days and 24 minutes an extra month is formed. Thus Brahma told Kashyapa to designate Martanda as the proprieter of this adhimasa and twelve sons continue to be proprieters of their own months .

Malmasa is the additional leap month which occurs about after thirty two months. Since it is an additional month no good work is to be done in this month . For this reason it called Impure – Malam . It includes the full moon (Purnima) and the dark moon (Amavasya) . After completing ten months of the leap year when sun enters the eleventh month , this month is called Banumas . This month is also condemned because it overpowers the other months. No yagya , marriage , yagneopavit , closing of facts etc . can be performed in this month .

MALMASI :- Those who are born in the valleys of Himalaya upto Vindya Mountains (Northern India) are believers of Malmas .

BHANUMASI :- All others belonging to South or other than Northern India are Bhanumasi .

Auspicious functions are not celebrated and fasts are not observed in this month . During this month no shrine except Martanda should be visited . Shrada of deceased should be performed by which they get satisfied . Hair and beard should be shaved before performing Shrada at Ganga , Madhumati , Priyag and Bhashara shrine i.e. Martand .

A combination of Sunday , seventh of bright fortnight , Shravan Nakshetra and Kar Yoga is called " Vijaya Saptami" . On this occasion sharda should be performed of the deceased at this shrine . They get satisfied as if they come out of clouds into bright sun light . This is equal to Vishnu Shrada .

" MARTAND NAAM TAT KESHTRAM PITRANAM MUKHTI KARNAM "

मार्तण्ड़ कथा

मार्तण्ड़ नाम तत् क्षेत्रम् पितृणं मुक्ति कारणम्

कश्मीर में समन्वय मार्तण्ड़ तीर्थ अति प्राचीन तथा प्रसिद्ध तीर्थ है । इस तीर्थ की महिमा न केवल पुराणों और वेदों में वर्णित हैं अपितु मार्तण्ड़ ब्राह्मण , मार्तण्ड़ पुराण , मार्तण्ड़ महात्म्य , नीलमत पुराण , ब्रह्मवैवर्त पुराण , भृंगीश संहिता , मार्तण्ड़ कथा , नवैद्यमंत्र , आदित्यह्रदयस्तोत्र तथा कलहन द्वारा रचित राजतरंगनी में भी दिया गया है । वैदिक काल में आर्यों के उपास्य ऊषा और सूर्य का विशेष महत्व था । ऋग्वेद के कई "सौर" और औषक्ष सूक्तों में भी मार्तण्ड़ की महिमा का वर्णन मिलता हैं । उपनिषद काल में भी मार्तण्ड़ का महत्व विशेष रूप में था जिसका वर्णन मार्तण्ड़ ब्राह्मण और सोमावलयोपनिषद में स्पष्ट दिया गया है । अतः मार्तण्ड़ तीर्थ एक आध्यात्मिक महत्व का तीर्थ है । गायत्री मन्त्र में भी भगवान भर्गस्वरूप मार्तण्ड़ देव की उपासना का रहस्य है । इसका विशुद्ध वर्णन भर्गशिखा तन्त्र में किया गया हैं ।

मार्तण्ड़ महात्म्य 16 पृष्ठों की एक छोटी सी पुस्तिका है जो संस्कृत भाषा पर आधारित शारदा लिपि में लिखी गई है । यह लिपि

शारदा देश कश्मीर की लिपि है जो प्राचीन काल से ही प्रचलित है । मार्तण्ड़ ब्रह्मण और मार्तण्ड़ महात्म्य का विषय एक ही है और दोनों में मार्तण्ड़ तीर्थ की महिमा , महत्व तथा मलमास – भानुमास की उत्पति का वर्णन किया गया हैं । वास्तव में ये दोनों पुस्तिकाएं भृंगीश संहिता पर आधारित है । भृंगीश संहिता एक कश्मीरी ब्राह्मण भृंगीश ऋषि द्वारा रचित एक महान ग्रन्थ है जोकि उन्होंने चौथी शताब्दी में लिखा । इस ग्रन्थ में उन्होंने कश्मीर के महान तीर्थ स्थानों का सविस्तार वर्णन किया है तथा सारी रचना श्लोकों द्वारा संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है । भैरव और भैरवी हिमशिखर पर बैठे शारदा देश के तीर्थ स्थानों के विषय में बाते कर रहे थे । तभी भैरवी बोली :– हे स्वामी मैंने अभी आप से भगवान विष्णु तथा इन्द्र द्वारा बनाए पवित्र धाम अन्नतनाग , गौतमनाग , क्रंगेश तथा मतस्य भवन के विषय में सुना परन्तु अब आप कृपा करके मार्तण्ड़ तीर्थ , कमल कुण्ड़ , विमल कुण्ड़ तथा चाका देव नदी की महिमा के विषय में बताइए ।

भैरव :– इस सृष्टि की रचना करने वाले भगवान ब्रह्माजी ने अपनी कल्पना से मारीच की उत्पति की तथा कश्यप ऋषि उनका ही पुत्र था कश्यप ऋषि ने जब दक्ष प्रजापति पुत्री आदिति से विवाह किया तो उन्होंने

अपनी पत्नी को भगवान विष्णु की तपस्या करने का आदेश दिया ताकि वह उन्हें प्रसन्न करके वरदान प्राप्त कर सके । आदिति ने घोर तपस्या करके भगवान विष्णु को प्रसन्न कर दिया । नारायण रूप में प्रकट होकर भगवाण विष्णु ने आदिति से इच्छा अनुसार वर मांगने के लिए कहा भगवान को सन्मुख देखने के पश्चात किसी को वरदान मांगने की क्या आवश्यकता । परन्तु भगवान के बार बार पूछने पर आदिति ने ऐसे पुत्रों की इच्छा व्यक्त की जो किसी भी रूप में गुणों तथा ख्याति से उनके के पति कश्यप ऋषि जी के बराबर हो । "तथास्तु " कहकर भगवान नारायण अर्न्तध्यान हो गए । आदिति ने बारह पुत्रों को जन्म दिया जो सारे कालचक्र के अधिपति बन गए परन्तु एक बार अपने पति के क्रोध में दिए हुए श्राप के कारण उसका तेरहवां गर्भ क्षीण हुआ । वास्तव में एक बार जब आदिति सायंकाल अपने पति के पास गई कश्यप ऋषि ध्यानमग्न थे । अदिति ने जब उनकी ओर देखा तो उसे अपना पति शिव जी जैसे दिखाई दिए वह मुर्छित होकर वहीं गिर पड़ी । होश आने पर उसने जब आँखें खोली तो उसने अपने आपको कश्यप ऋषि के आगोश में पाया , शिवजी वहाँ नहीं देखे

कश्यप ऋषि यह सहन न कर सके कि उनकी पत्नी ने प्रेम के समय पति की अपेक्षा

किसी और का विचार किया अतः उन्होंने गर्भ क्षीण होने का श्राप दे दिया । अपने पति को मन में स्थापित करते हुए श्रापमुक्त होने के लिए आदिति ने प्रायश्चित के रूप में 12 वर्ष तक कठोर तपस्या की । कश्यप ऋषि अपनी पत्नी की इस तपस्या से अति प्रसन्न हुए और उसे कष्टसाध्य तप छोड़ कर गृहस्थ विस्तार करने की आज्ञा दी । परन्तु जिस प्रकार तीर चलाने के पश्चात तीर वापिस नहीं आते , मुख से निकले हुए वचन मोड़े नहीं जाते उसी प्रकार ऋषि द्वारा दिया हुआ श्राप भी निष्फल नही हो सकता । कश्यप ऋषि ने प्रसन्न होकर आदिति से अपनी इच्छा अनुसार वर मांगने का अवसर दिया ताकि वह उसकी सारी आकांक्षाए पूण कर सके । आदिति ने ऐसे योग्य पुत्रों की माँ बनने की इच्छा व्यक्त की जो योग्यता तथा बल में सभी देवताओं से पृथक हो।

कश्यप ऋषि बोले " 12 वर्ष की कठोर तपस्या के कारण आप के गर्भ से 12 पुत्र उत्पन्न होंगें जिन के आधीन सारी सृष्टि रहे गी उनका सारे जगत में गुणगान होता रहेगा परन्तु तेरहवे वर्ष का गर्भ क्षीण होगा अतः विगलित अवस्था में उत्पन्न होगा । इतना कहकर कश्यप ऋषि अपनी साधना में लीन होगए । आदिति के गर्भ से 12 पुत्रों का जन्म हुआ । तेरहवां गर्भ क्षीणसत्व देखकर

आदिति बहुत दुखी हुई । आदिति ने भगवान ब्रह्मा जी की प्रार्थना की । ब्रह्मा जी ने प्रकट होकर आदिति को विचलित न होने को कहा।

ब्रह्मा जी ने आदिति को आश्वासन दिया कि उसके 12 पुत्र सभी देवताओं से बलवान होंगें परन्तु तेरहवां पुत्र अधिपति बनकर अकेले ही मृतकों को मुक्ति , जीवितों को धर्म पुण्य , पवित्रात्मा , सत्यनिष्ठा तथा स्वर्ग प्राप्ति प्रदान करने वाला होगा । कलियुग में जब पाप की वृद्धि होगी तो पापियों की पापात्मक प्रवृतियों को नष्ट करने तथा धार्मिक लोगों को धर्म , न्याय तथा सत्यनिष्ठा का बल देने के कारण आपका यह पुत्र तीनों लोकों में प्रसिद्ध होगा । तथा वह स्थान जहाँ इस का जन्म होगा वह शुद्ध तथा पवित्र स्थान " मृतअण्ड़ " के कारण मार्तण्ड़ नाम से प्रख्याति पाएगा । जो मनुष्यों का उदार करने की क्षमता के कारण " स्वर्गद्वार " की उपमा से अलंकृत होगा । ब्रह्मा जी ने ही आदिति को वह सोने का मृतअण्ड़ सतीसर में फैंकने का आदेश दिया । आदेश देकर ब्रह्मा जी अन्तर्ध्यान हुए । उनके आदेश अनुसार आदिति ने मृतअण्ड़ सतीसर में फैंक दिया । कश्यप ऋषि के बारह पुत्रों को नाम , स्थान तथा कालचक्र के भिन्न भिन्न अधिकार सौंपे गए । अतः तेरहवे पुत्र का जन्म , अधिकार तथा स्थान दिलाने के लिए

कश्यप ऋषि ने ब्रह्मा जी से प्रार्थना की कि वे उसे धरती का वह स्थान दिखाए जहाँ कलियुग का कोई प्रभाव न हो । ब्रह्मा जी ने कश्यप ऋषि को भगवान भोले नाथ से प्रार्थना करने का परामर्श दिया । कश्यप ऋषि ने तीन वर्ष तक भगवान शिव जी की कठोर तपस्या की । इस घोर तप से भगवान शिव प्रसन्न हुए तथा कश्यप ऋषि से अपनी इच्छा प्रकट करने को कहा । कश्यप ऋषि ने भगवान से वह स्थान दिखाने की प्रार्थना की जहाँ कलियुग के क्रूर तथा पापात्मक कार्यों के प्रभाव से मनुष्यों को बचाया जा सके । शिव जी बोले , " हिमालय के दामन में सतीसर के तट के समीप , सतीसर को सुखाने के पश्चात एक ऐसे स्थान की उत्पति होगी जहाँ कलियुग का कोई प्रभाव नहीं होगा।" कश्यप ऋषि ने भगवान विष्णु से सतीसर को सुखाने की प्रार्थना की । बारामुला के समीप पहाड़ काटकर सतीसर का पानी निकाल दिया गया । पानी निकालने के पश्चात विगलित सुवर्ण अण्ड़ा किनारे के पास ही मिला। भगवान विष्णु ने अपने चक्र से अण्ड़े के दो भाग कर दिए । कटते समय अण्ड़े से महा ज्वाला निकली जिसका प्रकाश आँखें सहन नहीं कर पा रहीं थी अतः इस महा ज्वाला का नाम भ्राथ , अंधुरिका तथा क्रेंग दिया गया । सभी देवताओं ने इस महा

ज्वाला की पूजा अर्चना की । तब इस महा ज्वाला में से सूर्य देवता महामार्तण्ड़ प्रसन्न मुद्रा में पीले वस्त्र तथा आभूषण पहने , चार भुजाएँ , तीन हाथों में कमल , माला तथा पुस्तक लिए हुए , चौथा हाथ अभयता का आर्शीवाद देने के लिए खुला हुआ , तीन नेत्रों तथा चारों ओर योगिनयों से घेरे प्रकट हुए ।

भास्वत्पुञजकरं प्रसन्न वदनं पीताम्बरालंकृतम्
पद्मेचाभय पुस्तके जपवदी हस्तैर्दधानं विभुम् ।
सर्वर्ताग्निसमानकान्तिममलं नेत्रत्रयोद्भासितम्
देविभि परिवारितं च वरदे मार्तण्ड़नाथस्नमः ।।

आँखे खोलने पर उनके शरीर से ज्वाला प्रकट हुई। मार्तण्ड़ देव के प्रकाश से चार ज्योतियाँ प्रकट हुई आँखों से निकली महा ज्वाला पर्वत पर जा गिरी जिसने आदि शक्ति माता भर्ग शिखा का रूप धारण किया। जो मार्तण्ड़ पहाड़ी के शिखर पर विराजमान हुई। प्राचीन काल से ही इस पहाड़ी पर माता का मनोहर मन्दिर स्थापित है। श्रीदुर्गा सहस्त्रनाम स्तोत्र में माता भर्गशिखा को दुर्गा का रूप माना है। मन से निकली ज्योति योगेश्वरम , नाक व कानों से निकली ज्योतियों ने भीमा भगवती तथा भास्वती जो कि माँ भवानी के रूप में प्रकट हुए और मार्तण्ड़ के चारों दिशाओं में स्थान ग्रहन किया ।

सम्वत 2031 में दक्षिण भारत के एक साधु मौनी बाबा को भर्गशिखा भगवती ने भवानी के रुप में दर्शन दे कर यहां की स्थिति से अवगत कराया । अतः वह साधु महाराज इस तीर्थ पर आये और यहां के अन्य धार्मिक स्थानों की जानकारी प्राप्त करके भर्गशिखा मन्दिर चले गये । पर्वत की चोटी पर बने इस मन्दिर को देख कर उन्हें ज्ञात हुआ कि मां भवानी ने उसे इसी मन्दिर की दशा सुधारने की आज्ञा दी थी जिसकी ओर यहां के लोगों तथा सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया था। अतः वह इस कार्य में जुट गए 15 श्रावण 2032 को उन्होंने इस मन्दिर का पुनः निर्माण कराकर सुन्दर और आकर्षक रुप दिया । बिजली, सड़क तथा पानी पहुँचा कर माता के दरबार की शोभा बढ़ाई। यहां के निवासियों ने हर तरह से उन की सहायता की तथा सहयोग दिया । लोग उन्हे मौनी बाबा कह कर पुकारते थे उन का दर्शन करने दूर दूर से लोग आते थे । मौनी बाबा ने 12 वर्ष का मौन व्रत रखा था । भर्गशिखा मन्दिर में उन्हों ने कई बार यज्ञ करवाये । पर्वत की चोटी पर बने इस मन्दिर में यज्ञ कराना अब सरल लगता था। अपना कार्य पूर्ण करने के पश्चात मौनी बाबा ने इस पंच तत्व के शरीर का त्याग किया । उन की समाधि भर्गशिखा मन्दिर

के पर्वत के दामन में स्थित गंगानन्द घाट में है। भर्गशिखा भगवती की कृपा सदा सूर्य क्षेत्र पर बनी रही जब जब भी कश्मीर पर विपतियां आई इस क्षेत्र पर उन विपतियों का प्रभाव कम ही रहा । सिकन्दर बुतशिकन के समय से आधुनिक समय तक यहां के मूल निवासियों को असंख्य कष्ट झेलने पड़े परन्तु मां की कृपा से अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा इस क्षेत्र पर कम प्रभाव रहा । इस का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि इस क्षेत्र के अधिकतर पंडित मलमासी हैं जो यहां के मूल नागरिक माने जाते हैं । वे क्रूर शासक भी इस क्षेत्र के पवित्र स्थानों को चाह कर भी मिटाने का

साहस न कर सके जैसे वे कश्मीर के अन्य क्षेत्रों के पवित्र स्थानों तथा मन्दिरों को नष्ट करने में सफल हुए ।

भर्गशिखा स्तोत्र

अपर्णा सुफला यज्ञा सभया निभया वहा ।
भीमस्वना भर्गशिखा भास्वती भास्करा विभा ।।

भीमेश्वरी च भीरूण्डा भगेशी भगसर्पिनी ।
भगलिंगस्थिता भग्या भाग्यदा भगमालिनी ।।

भर्गशिखे त्वं जगन्माता भर्गशिखे त्वं जगत्पिता
भर्गशिखे त्वं जगद्धात्री भर्गशिखे नमो नमः ।।

चतुर्भुजे चतुर्वक्त्र संस्तुते परमेश्वरी ।
जयकृष्णे संस्तुते देवि सर्वदुर्गति नाशिनी ।।

सर्वबाधा महारोगा भूतबाधास्तथैव चः ।
जपमानेन नश्यन्ति जीवेच्च शरदा शतम् ।।

दारिद्रय व्यसनध्वंसी श्रीमती देवी भर्गशिखा ।
त्रैलोकी वासिनामीड़्ये लोकानांवरदा भव ।।

अनाथस्य दीनस्य जगत्तारणी भर्गशिखा ।
शरणागत जीवानां सर्वदुख विनाशिनी ।।

सर्वसिद्धिमवाप्नोति सर्वत्र विजयी भवेत् ।
भर्गस्तोत्र हृदयं पुण्यं भर्गशिखा विभूषितम् ।।

भर्ग शिखा आराधना

नमः विष्णु भवनम् नमो स्वर्गद्वारम् ,
नमः शक्तिपीठे नमो भर्ग रूपम् ,
त्वमेव सिद्धि लक्ष्मी , त्वाम चक्रपाणि ,
अहम् त्वाम शरणम रक्षिमाम् भवानी ।
नमः .... ।।

शिला रूपदेवी , बिल्व वृक्ष पताका ,
स्थित हिमशिखरे , प्रत्यक्ष रूपा ,
मार्तण्ड़नाथस्य त्वाम चक्षु ज्योति ,
शत् शत् प्रणामम् नमः कोटि कोटि ,
मार्तण्ड़ शक्ति , त्वाम विश्व जननी ,
अहं त्वाम शरणं रक्षमाम् भवानी ।।

न मन्दिरम न तीर्थम न ज्ञानं न ध्यानं ,
अहम् निर्विकल्पी , दीनम् अनाथम् ,
नमो महा ज्वाला , नमो देवी भर्गे ,
हरौ सर्वबाधा , क्षमा अपराधम ,
मार्तण्ड़ नाथस्य त्वाम् राजरानी ,
नमः .... ।।

न कर्मो न धर्मो न पूजा न पाठं ,
सुता त्वाम माते हरौ संतापम् ,
स्वस्ति कल्याणं सर्वेषु विधेहि ,
आयुर – आरोग्यम् सर्वम् च देहि ,
क्षामये जयकृष्णस्य कर्मस्थहानि ,
अहम् त्वाम शरणम् रक्षमाम् भवानी ।।

(हरि कृष्ण सिद्धा द्वारा रचित)

मलमास भानुमास

सैंकड़ों वर्षो से मलमास– भानुमास की परम्परा कश्मीर में चली आ रही है। इन वर्षो में समय समय पर अनेक विद्वान; शास्त्रज्ञ; ज्योतिषी तथा धर्माचार्य कश्मीर में उत्पन्न हुऐ हैं। परन्तु किसी भी विद्वान ने इन मासों के विरूद्ध कभी कुछ नही कहा है। कश्मीर के सारे धार्मिक कृतियों में उपयोगी और अति प्राचीन समय से प्रचलित नैवेद्यमंत्र भी इस सच्चाई पर प्रकाश ड़ालता है कि मलमास और भानुमास के अधिकारी और देवता अलग अलग है। अतः दोनों मासों को एक करके केवल अधिकमास की संज्ञा देना ही पर्याप्त नहीं

"यत्र एकराशिगते सूर्ये भवेद्दर्शद्वयं पुनः
सम्प्रतो भानुमासाख्यः सर्वकर्मसु गर्हितम्।"

जब सूर्य के एक राशि में होने पर दो अमावस्याएं आ जाऐ तो वह मास भानुमास कहलाता है।

"द्वात्रिंशादिभर्गतैः मासौर्दिनैः षोड़शभिः तथा
घटिकानांचतुष्केन पतति अधिकमासकः।।"

जब पुर्व घटित मलमास की समाप्ति पर दो वर्ष आठ मास सोलह दिन और चार घड़ियां बीत जाऐ

तो मलमास कहलाता है। मलमास के अस्तित्व के विषय में शास्त्रों में कई और प्रमाण वर्णित है।

1.''संक्रान्तिरहितो मासो मलमासस्ततोअधिकः''

मार्तण्ड़ माहात्म्य।

अतः ये दोनों मास शास्त्र सम्मत है परन्तु शुभकार्यों के लिए वर्जित है। मूहर्तो की गणना में दिग्गज ज्योतिषयों विशेष कर कश्मीरी ज्योतिषयों ने स्पष्ट किया है। ''मलमास भानुमासौ उभौ तौ हानिकारकौ।'' इन मासों में पितरों की तृप्ति के लिए मार्तण्ड़क्षेत्र या अन्य तीर्थ स्थलों पर पिण्ड़दान अतिफलदायक और उद्धार कारक होता हैं। बड़े बड़े महात्मा शतातपती मलमास को गर्हित मानते हैं।

सभी कश्मीरी पण्ड़ित सारस्वत ब्राह्मण हैं। हम सभी ऋषियों की सन्ताने हैं। मध्यकाल में कुछ क्रूर शासकों के शासनकाल में कश्मीरी ब्राह्मणों को देशत्याग करना पड़ा। परन्तु वापिस आने के बाद यह हिन्दू समाज कई वर्गो में बंट गया।

मलमासी और भानुमासी मध्यकाल के पलायन का ही नतीजा है। हिमालय के आसपास आर्यावृत के किसी भी क्षेत्र में जन्में कश्मीरी पण्ड़ित मलमासी है

और जिन्होंने विन्ध्याचल से पूर्वाचल के क्षेत्रों में कहीं भी जन्म लिया भानुमासी कहलाते हैं। सैंकड़ों वर्षों तक कश्मीर के सभी पंचागों में मलमास ;भानुमास का विचार ध्यान में रखकर शुभ कार्यों के मूहर्त निकाले जाते थे। परन्तु कुछ दशक पूर्व से दोनों मासों को मिला कर 'अधिक मास ' लिखकर आदरणीय स्व0 प्रेम नाथ शास्त्री जी ने अपने पंचांग में मलमास का नाम ही मिटा दिया। परन्तु ब्राह्मण महामण्ड़ल की श्रीपंचांग मलमास के अस्तित्व को संजोएं बैठे हैं। यदि मलमास तथा भानुमास को एक करके कश्मीरी पण्ड़ितों को एक सूत्र में बान्धने के विचार से उठाया गया कदम होता तो यह विचार सराहणीय माना जाता परन्तु अपनी परम्पराओं से हटकर दूसरी परम्पराओं को अपनाना, अपने धार्मिक कार्यों में आमूलचूल परिवर्तन करना , लौगाक्षिमुनि की पद्धति को त्याग कर बाहरी पद्धति का अनुसरण करना एक विचारणीय प्रश्न है जिस पर चिंतन–मनन करने की आवश्यकता है। इस में कोई संदेह नहीं कि विस्थापित होने के बाद भी यदि कश्मीरी पण्ड़ित वर्गों में बटने लगे इससे हमारी जाति का पतन अवश्य होगा। अतः संकुचित दृष्टिकोण त्याग कर एक सूत्र में बंध कर रहने में ही सबकी भलाई हैं यही समय की मांग तथा आवश्यकता है।

परमार्थ शास्त्र में अधिमास को सबसे श्रेष्ठ मास के रूप में प्रकाशित किया गया है। भारत के कई भागों में भानुमास को पुरूषोत्तम मास मान कर इस मास में सम्पूण व्रत और गोलोकनाथ भगवान श्री कृष्ण का व्रत, पूजन, कथावाचन,दानधर्म आदि बहुत ही श्रद्धा से किया जाता हैं ।

****

समर्पित :-
यह पुस्तिका मैं अपनी माता जी स्व० श्रीमती कौशल्या देवी (प्रभावती सिद्धा) को समर्पित करता हूँ। जिनकी ममता तथा स्नेहधारा के लिए हम सदा नतमस्तक रहेंगे।



Written by :

HARI KRISHEN SIDHA
H.No. 122, Vasuki Vihar,
Paloura, Jammu.
Mob. : 9469050583

Durga Printing Press
Opp. Drug Controller Office,
Patoli Chowk, Jammu
Mob. : 9419124691